**SET – 2**

**Series : GBM/1/C**

कोड नं.
**Code No. 61/1/2**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(1) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न संख्या 1 से 3 **दो** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

(3) *प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । विद्यार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

(4) *प्रश्न संख्या **10** मूल्य आधारित प्रश्न अनिवार्य है, यह प्रश्न भी **चार** अंक का है ।*

(5) *प्रश्न संख्या **11** से **13** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(6) *प्रश्न संख्या **14** से **16** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

(7) *प्रश्न संख्या **17** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के अन्दर नत्थी करना चाहिए ।*

***General Instructions :***

(1) *Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

(2) *Answer to question nos. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(3) *Answer to question nos. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words. Students should attempt only **5** questions in this section.*

(4) *Question **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory** question.*

(5) *Answer to question nos. **11** to **13** carrying **8** marks should not exceed **350** words.*

(6) *Questions **14** to **16** are source based questions and have no internal choice.*

(7) *Question **17** is a **Map question** that includes identification and significant test items. Attach the map with the answer sheet.*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**खण्ड – क**

**PART – A**

नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

Answer **all** the questions given below :

1. भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले प्रथम शताब्दी ईसवी में किसने ज़ारी किए थे ? यह सिक्के किस प्रकार रोमन और पार्थियन शासकों द्वारा जारी किए सिक्कों के समान थे ? **1 + 1 = 2**

Who introduced the first gold coins in first century C.E. in India ? How were these coins virtually identical with the Roman and the Parthian rulers ?

2. 'रिहला' की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । **2**

Elucidate any two features of the 'Rihla'.

3. 18वीं शताब्दी के दौरान इस्तमरारी बंदोबस्त को बंगाल के परे किसी भी अन्य क्षेत्र में क्यों नहीं बढ़ाया गया ? दो कारण लिखिए । **2**

Why was Permanent Settlement rarely extended to any other region beyond Bengal during $18^{th}$ century ?. Give two reasons.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – ख

## PART – B

## अनुभाग – I

## SECTION – I

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 5 = 20**

Answer any **five** of the following questions :

4. विरूपाक्ष मंदिर की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । **4**

   Explain the features of Virupaksha temple.

5. अतीत के पुनर्निर्माण में अभिलेखशास्त्रियों के समक्ष आईं किन्हीं चार समस्याओं का उल्लेख कीजिए । **4**

   Mention any four problems faced by the epigraphists in reconstructing the past.

6. मुग़ल साम्राज्य में शाही परिवार की स्त्रियों द्वारा निभाई गई भूमिका को उजागर कीजिए । **4**

   Highlight the role played by women of the imperial household in the Mughal Empire.

7. प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी में ब्रिटिश भू-राजस्व नीति ने अवध के ताल्लुकदारों की हैसियत व सत्ता को किस प्रकार चोट पहुँचाई ? स्पष्ट कीजिए । **4**

   How did the British Land Revenue policy undermined the position and authority of the Taluqdars of Awadh during early nineteenth century ? Explain.

8. "तुम सब अपने लिए खुद ही ज्योति बनो; क्योंकि तुम्हें खुद ही अपनी मुक्ति का रास्ता ढूँढ़ना है ।" बुद्ध द्वारा अपने शिष्यों को दिए अंतिम निर्देश पर प्रकाश डालते हुए जीवन के प्रति उनके संदेश का विवरण दीजिए । **4**

   "Be lamps unto yourself as all of you must work out your own liberation." In the light of the above last words of Buddha to his followers bring out his philosophy of life.

9. मौखिक वृतांत, भारत के विभाजन के दौरान आम लोगों की कठिनाइयों और मुसीबतों को समझने में किस प्रकार सहायक हैं ? वर्णन कीजिए । **4**

   Describe how the oral narratives help to understand the trials and tribulations of ordinary people during the partition of India.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## अनुभाग – II

## SECTION – II

## मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)

## Value Based Question (Compulsory) $4 \times 1 = 4$

10. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'रानी झाँसी' को एक ऐसी मर्दाना शख्सियत के रूप में चित्रित किया जाता था जो दुश्मनों का पीछा करते हुए और ब्रिटिश सिपाहियों को मौत की नींद सुलाते हुए आगे बढ़ रही है । देश के विभिन्न भागों में बच्चे सुभद्रा कुमारी चौहान की इन पंक्तियों को पढ़ते हुए बड़े हो रहे थे : "खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी ।"

ऊपर दिए गए अनुच्छेद के संदर्भ में झाँसी की रानी द्वारा सँभाले मूल्यों को उजागर कीजिए ।

Read the passage given below and answer the questions that follow :

'Rani of Jhansi' was represented as a masculine figure chasing the enemy, slaying British soldiers and valiantly fighting till her last. Children in many parts of India grow up reading the lines of Subhadra Kumari : "Khoob Lari Mardani Woh To Jhansi Wali Rani thi".

In the light of the above passage highlight the values upheld by Rani of Jhansi.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड – ग

## PART – C

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

## Long Answer Questions

$8 \times 3 = 24$

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

Answer **all** the questions given below :

11. आइन–ए–अकबरी, अकबर के शासन के बहुत बड़े ऐतिहासिक और प्रशासनिक पराकाष्ठा की परियोजना का नतीजा था । परख कीजिए । **8**

**अथवा**

मुग़ल भू–राजस्व प्रणाली प्रशासनिक तंत्र के लिए जरूरी थी, परख कीजिए । **8**

Examine Ain-i-Akbari as the culmination of large historical and administrative project of Akbar's empire.

**OR**

Examine the vitality of Mughal Land Revenue System as an administrative apparatus.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

12. उन साक्ष्यों का वर्णन कीजिए जो दर्शाते हैं कि महाभारत के समय में बंधुत्व, पितृवंशिकता और विवाह संबंधी ब्राह्मणीय नियमों का सर्वत्र अनुसरण नहीं होता था । **8**

**अथवा**

इतिहासकारों ने महाभारत का विश्लेषण करते हुए जिन पहलुओं पर विचार किया है उनको उजागर कीजिए । बी.बी. लाल द्वारा इस संदर्भ में की गई सदृशता की खोज की व्याख्या कीजिए । **5 + 3 = 8**

Describe the evidences that suggests that Brahminal prescriptions about Kinship, Patriarchy and marriages were not universally followed during Mahabharata period.

**OR**

Highlight the elements considered by the historians while analyzing the Mahabharata. Explain B.B. Lal's search for convergence in this regard.

13. "गांधीजी ने नमक सत्याग्रह में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।" तथ्यों के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

**अथवा**

'संविधान सभा में राष्ट्रीय भाषा के मुद्दे पर कई महीनों तक बहस हुई और कई बार काफी तनातनी पैदा हो गई ।' इस कथन की तथ्यों के आधार पर पुष्टि कीजिए । **8**

'Gandhiji played a significant role in the Salt Satyagraha.' Support the statement with evidences.

**OR**

'Within the Constituent Assembly, the National language issue was debated over many months and often generated intense arguments.' Support the statement with evidences.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड – घ

## PART – D

### (स्रोत आधारित प्रश्न)

### (Source Based Questions) $7 \times 3 = 21$

14. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पलायन**

1857 में ब्रिटिश सेना द्वारा शहर पर अधिकार करने के बाद दिल्ली के लोगों ने क्या किया, इसका वर्णन प्रसिद्ध शायर मिर्ज़ा ग़ालिब इस प्रकार करते हैं।

दुश्मन को पराजित करने और भगा देने के बाद, विजेताओं (ब्रिटिश) ने सभी दिशाओं से शहर को उजाड़ दिया। जो सड़क पर मिले उन्हें काट दिया गया ..... । दो से तीन दिनों तक कश्मीरी गेट से चाँदनी चौक तक शहर की हर सड़क युद्धभूमि बनी रही। तीन द्वार–अजमेरी, तुर्कमान तथा दिल्ली – अभी भी विद्रोहियों के क़ब्जे में थे .... । इस प्रतिशोधी आक्रोश तथा घृणा के नंगे नाच से लोगों के चेहरों का रंग उड़ गया, और बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएँ..... इन तीनों द्वारों से हड़बड़ा कर पलायन करने लगे। शहर के बाहर छोटे गाँवों और देवस्थलों में शरण ले अपनी वापसी के अनुकूल समय का इंतज़ार करते रहे।

(14.1) मुग़लों द्वारा बनाए गए शहर प्रसिद्ध क्यों थे ? **2**

(14.2) मिर्ज़ा गालिब ने दिल्ली को एक शहर के रूप में किस प्रकार वर्णित किया था ? **2**

(14.3) मुग़लकाल के दौरान कस्बे गाँवों से भिन्न कैसे थे ? **3**

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

**Escaping to the countryside**

This is how the famous poet Mirza Ghalib described what the people of Delhi did when the British forces occupied the city in 1857 :

Smiting the enemy and driving him before them, the victors (i.e., the British) overran the city in all directions. All whom they found in the street they cut down…

For two to three days every road in the city, from the Kashmiri Gate to Chandni Chowk, was a battlefield. Three gates – the Ajmeri, the Turcoman and the Delhi – were still held by the rebels … At the naked spectacle of this vengeful wrath and malevolent hatred the colour fled from men's faces, and a vast concourse of men and women…. took to precipitate flight through these three gates. Seeking the little villages and shrines outside the city, they drew breath to wait until such time as might favour their return.

(14.1) Why were towns built by the Mughal famous for ?

(14.2) How had Mirza Ghalib described Delhi as a city ?

(14.3) How was towns different from the villages during the Mughal era ?



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

15. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1960 के दशक में जॉर्ज डेल्स नामक पुरातत्वविद ने मोहनजोदड़ो में जनसंहार के साक्ष्यों पर सवाल उठाए । उन्होंने दिखाया कि उस स्थान पर मिले सभी अस्थि–पंजर एक ही काल से संबद्ध नहीं थे :

हालाँकि इनमें से दो से निश्चित रूप में संहार के संकेत मिलते हैं, …… पर अधिकांश अस्थियाँ जिन संदर्भों में मिली हैं वे इंगित करती हैं कि ये अत्यंत, लापरवाही तथा श्रद्धाहीन तरीके से बनाए गए शवाधान थे । शहर के अंतिम काल से संबद्ध विनाश का कोई स्तर नहीं है, व्यापक स्तर पर अग्निकांड के चिह्न नहीं हैं, चारों ओर फैले हथियारों के बीच कवचधारी सैनिकों के शव नहीं हैं । दुर्ग से जो शहर का एकमात्र किलेबंद भाग था, अंतिम आत्मरक्षण के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं ।

जी.एफ. डेल्स, ‘द मिथिकल मैसेकर एट मोहनजोदड़ो’, एक्सपीडीशन, 1964 से उद्धृत ।

(15.1) मोहनजोदड़ो के खंडहरों की खुदाई में पाए गए साक्ष्यों पर डेल्स के विचारों का उल्लेख कीजिए । **2**

(15.2) सिंधु घाटी की सभ्यता के पतन को रहस्यमयी क्यों कहा जाता है ? **2**

(15.3) हड़प्पा के पतन के लिए पुरातत्वविदों द्वारा वर्णित संभावित कारणों का उल्लेख कीजिए । **3**

Read the extract given below and answer the questions that follow :

In the 1960s, the evidence of a massacre in Mohenjodaro was questioned by an archaeologist named George Dales. He demonstrated that the skeletons found at the site did not belong to the same period.

Whereas a couple of them definitely seem to indicate a slaughter,….the bulk of the bones were found in contexts suggesting burials of the sloppiest and most irreverent nature. There is no destruction level covering the latest period of the city, no sign of extensive burning, no bodies of warriors clad in armour and surrounded by the weapons of war. The citadel, the only fortified part of the city, yielded no evidence of a final defence.

*From G.F. Dales, “The Mythical Massacre at Mohenjodaro”, Expediton, 1964*

(15.1) Mention the views of Dales on the evidences found while excavating the ruins at Mohenjodaro.

(15.2) Why this decline of Indus Valley Civilization called as enigmatic ?

(15.3) State the possible causes described by the archeologist for the decline for Harappa.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

16. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**एक ईश्वर**

यह रचना कबीर की मानी जाती है : हे भाई यह बताओ, किस तरह हो सकता है कि संसार के एक नहीं दो स्वामी हों ? किसने तुम्हें भ्रमित किया है ? ईश्वर को अनेक नामों से पुकारा जाता है : जैसे अल्लाह, राम, करीम, केशव, हरि तथा हज़रत । विभिन्नताएँ तो केवल शब्दों में हैं जनका आविष्कार हम स्वयं करते हैं । कबीर कहते हैं दोनों ही भुलावे में हैं । इनमें से कोई एक राम को प्राप्त नहीं कर सकता । एक बकरे को मारता है और दूसरा गाय को वे पूरा जीवन विवादों में ही गँवा देते हैं ।

(16.1) कबीर की रचना किस प्रकार उनके रहस्यवादी अनुभूतियों को दर्शाती है ? **2**

(16.2) 'ईश्वर' पर कबीर के विचारों की व्याख्या कीजिए । **2**

(16.3) "कबीर पहले और आज भी उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं जो रूढ़िवादी धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं और विचारों और व्यवहारों को प्रश्नवाचक दृष्टि से देखते हैं ।" इस कथन पर अनुच्छेद के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए । **3**

Read the extract given below and answer the questions that follow :

**The One Lord**

Here is a composition attributed to Kabir : Tell me, brother, how can there be No one lord of the world but two ? Who led you so astray ? God is called by many names :

Names like Allah, Ram, Karim, Keshav, Hari, and Hazrat Gold may be shaped into rings and bangles. Isn't it gold all the same ? Distinctions are only words we invent… Kabir says they



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

are both mistaken. Neither can find the only Ram. One kills the goat, the other cows. They waste their lives in disputation.

(16.1) How does Kabir's composition convey his mystical experiences ?

(16.2) Explain Kabir's views on 'GOD'.

(16.3) 'Kabir was and is to the present, a source of inspiration for those who questioned entrenched religious and social institutions, ideas and practices in the search for divine.' Give your views on the statement with reference to the passage.

**खण्ड – ङ**

**PART – E**

**मानचित्र प्रश्न / Map Question** **(2 + 3 = 5)**

17. (17.1) भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए : **2**

(a) बोधगया – एक बौद्ध स्थल

(b) आगरा – मुग़ल राजधानी

(17.2) भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में 1857 के विद्रोह के केन्द्रों से संबंधित तीन स्थान A, B और C के रूप में चिह्नित किए गए हैं, उन्हें पहचानिए और उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर सही नाम लिखिए। **3**

(17.1) On the given political outline map of India locate and label the following :

(a) Bodhgaya – A Buddhist Site

(b) Agra – The Mughal Capital

(17.2) On the same political outline map of India, three places related to the centres of the Revolt of 1857 have been marked as A, B and C. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर हैं : **2 + 3 = 5**

(17.1) किन्हीं दो प्रमुख बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए । **2**

(17.2) 1857 के विद्रोह के किन्हीं तीन केन्द्रों के नाम लिखिए । **3**

**Note :** The following questions are only for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **17**

(17.1) Name any two places of major Buddhist sites.

(17.2) Name any three centres of the Revolt of 1857.


collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 17 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 17

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**




Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform